दिन– सोमवार | दिनांक– 29 / 07 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। | अवधिः– 15 मिनट

---

01. सर्वोच्च न्यायालय ने बिहार में 65 प्रतिशत जाति आधारित आरक्षण रद्द करने के पटना उच्च न्यायालय के आदेश पर रोक लगाने से इंकार किया।

02. केन्द्रीय श्रम और रोजगार मंत्री डॉ मनसुख मांडविया ने कहा– देश में रोजगार की कमी नहीं। बेरोजगारी दर गिरकर तीन दशमलव दो प्रतिशत हुई।

03. सर्वोच्च न्यायायल ने राज्य में लगातार पुल–पुलियों के गिरने की घटना को लेकर बिहार सरकार को नोटिस जारी कर जवाब मांगा।

04. और, आज सावन की दूसरी सोमवारी है। पूरा वातावरण शिव भजन और बोलबम के जयकारों से गुंजायमान है।

———————————————————————

सर्वोच्च न्यायालय ने बिहार में नौकरियों और शैक्षणिक संस्थानों के दाखिले में पैंसठ प्रतिशत जाति आधारित आरक्षण को रद्द करने के पटना उच्च न्यायालय के आदेश पर रोक लगाने से इंकार कर दिया है। उच्चतम न्यायालय ने राज्य सरकार की ओर से दायर अपीलों पर नोटिस जारी किया है। इन पर सुनवाई सितंबर में की जाएगी। गौरतलब है कि पटना उच्च न्यायालय ने पिछले महीने अपने आदेश में पिछड़ा वर्गो, अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के लिए सरकारी नौकरियों और राज्य के उच्च शिक्षा संस्थानों में दाखिले में आरक्षण पचास प्रतिशत से बढ़ा कर पैंसठ प्रतिशत करने की बिहार सरकार की अधिसूचना को रद्द कर दिया था।

———————————————————————

जदयू के वरिष्ठ नेता और राष्ट्रीय प्रवक्ता के.सी त्यागी ने कहा है कि उच्चतम न्यायालय के फैसले से समाज के वंचित वर्ग को निराशा मिली है। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी सरकार से आग्रह करेगी कि आरक्षण के मुद्दे को संविधान के नौवी अनुसूची में शामिल करे।

———बाईट———

———————————————————————

सर्वोच्च न्यायालय ने राज्य में लगातार गिर रहे पुलों के मामले में राज्य सरकार से जवाब मांगा है। मुख्य न्यायाधीश डी.वाई चन्द्रचूड़ की अध्यक्षता वाली खंड पीठ ने एक जनहित याचिका की सुनवाई करते हुए इस मामले में राज्य सरकार, पुल निर्माण निगम लिमिटेड और एनएचएआई को नोटिस जारी किया है।

———————————————————————

सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीशों की सात पीठों में पूरे सप्ताह चलने वाला लोक अदालत आज से शुरू हो गया है। ये लोक अदालत तीन अगस्त तक चलेगा। लोक अदालतों में आपसी समझौतों के माध्यम से विभिन्न मामलों का निपटारा किया जायेगा। मुख्य न्यायाधीश डी.वाई चन्द्रचूड़ ने कहा कि इससे अदालत में लंबित मामलों में कमी आयेगी।

———बाईट———

———————————————————————

श्रम और रोजगार मंत्री डॉ मनसुख मांडविया ने कहा है कि देश में नौकरियों की कोई कमी नहीं है। श्री मांडविया ने लोकसभा में आज एक पूरक प्रश्न का जवाब देते हुए कहा कि वर्तमान सरकार के नीतिगत हस्तक्षेप के कारण देश में बेरोजगारी दर कम होकर तीन दशमलव दो प्रतिशत हो गयी है। उन्होंने उम्मीद जताई कि आने वाले वर्षों में बेरोजगारी दर 3 प्रतिशत से भी नीचे आ जाएगी। श्री मांडविया ने कहा कि बजट में प्रधानमंत्री के पैकेज से पांच साल की अवधि में चार करोड़ से अधिक युवाओं को रोजगार और कौशल के अवसर प्रदान होंगे।

———बाईट———

मोदी गवर्नमेंट में एमप्लॉयमेंट जनरेशन हुआ, कई टाइप की योजनाएं चलाई गई, लोगों को रोजगारी का अवसर मिला और अन–एमप्लॉयमेंट रेट आज 3.2 पर्सेंट है।

उन्होंने कहा कि इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए दो लाख करोड़ रुपये का आवंटन किया गया है।

———————————————————————

केंद्रीय सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री जीतन राम मांझी ने कहा है कि एमएसएमई क्षेत्र में रोजगार के अवसर लगातार बढ़ रहे है। श्री मांझी ने राज्यसभा में अपने लिखित उत्तर में बताया कि इस वर्ष चौबीस जुलाई तक उद्यम पंजीकरण पोर्टल और उद्यम असिस्ट प्लेटफॉर्म पर एमएसएमई रिपोर्ट के अनुसार बीस करोड़ पचपन लाख रोजगार के अवसर उपलब्ध हुए है। उन्होंने कहा कि एमएसएमई को आसानी से ऋण उपलब्ध कराने के लिए सरकार विभिन्न वाणिज्यिक बैंको और वित्तीय संस्थानों को आवश्यक निर्देश जारी कर रही है।

———————————————————————

भोजपुरी भाषा को संविधान की आठवी अनुसूची में शामिल करने के लिए लोकसभा में एक निजी सदस्य विधेयक पेश किया गया है। भोजपुरी अभिनेता और भाजपा सांसद रविकिशन ने पिछले दिनों लोकसभा में संविधान संशोधन विधेयक पेश किया। उन्होंने कहा कि भोजपुरी एक समृद्ध सांस्कृतिक और साहित्यिक भाषा है। इसे बढ़ावा देने की आवश्यकता है। श्री रविकिशन ने कहा कि भोजपुरी बिहार, उत्तरप्रदेश, झारखंड और मध्यप्रदेश के बड़े भूभाग में रहनेवाली एक बड़ी आबादी की मातृभाषा है। उन्होंने कहा कि यह विधेयक भोजपुरी भाषा–भाषी समुदाय को एक संवैधानिक पहचान देने की कोशिस है।

———————————————————————

लोजपा रामविलास के प्रमुख और सांसद चिराग पासवान ने कहा है कि विशेष राज्य मुद्दे को लेकर पहले की सरकारों ने प्रावधानों में बदलाव का कोई प्रयास नही किया। उन्होंने कहा कि पहली बार बिहार को स्पेशल पैकेज मिला है। आगे विशेष दर्जे के लिए प्रावधानों में बदलाव भी संभव है।

———बाईट———

———————————————————————

जदयू के कार्यकारी अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद संजय झा ने आज नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द मोदी से मुलाकात की। पत्रकारों से बातचीत करते हुए संजय झा

ने कहा कि राज्य के लिए बजट में विशेष आर्थिक प्रावधान किए जाने को लेकर उन्होंने प्रधानमंत्री को धन्यवाद दिया। श्री झा ने कहा कि राज्यहित के कई मुद्दों पर विचार–विमर्श हुआ है।

———————————————————————

पूर्व मध्य रेल के सोनपुर मंडल अंतर्गत समस्तीपुर के खुदीराम बोस पूसा रेलवे स्टेशन के पास आज दरभंगा से नई दिल्ली जा रही बिहार संपर्क क्रांति एक्सप्रेस के सभी डिब्बे चलती ट्रेन के इंजन से अलग हो गए। हालांकि रफ्तार अधिक नही होने के कारण भीषण ट्रेन हादसा होने से बच गया। रेलवे के अधिकारियों और कर्मचारियों ने मौके पर पहुंचकर इंजन से अलग हुए डिब्बें को जोड़ा। इसके बाद ट्रेन आगे रवाना हुई। इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं। इधर, रेलवे ने दरभंगा फारबिसगंज रेलखंड के कोसी रेलपुल पर आज विद्युत इंजन परिचालन का सफल परीक्षण किया।

———————————————————————

भाजपा के वरिष्ठ नेता और राज्य सरकार के मंत्री दिलीप जायसवाल ने आज बिहार भाजपा के अध्यक्ष का कार्यभार संभाल लिया। पटना स्थित प्रदेश कार्यालय में आयोजित दायित्व ग्रहण समारोह में उन्होंने प्रदेश अध्यक्ष का पद ग्रहण किया। इस मौके पर श्री जायसवाल ने कहा कि कार्यकर्ताओं की मदद से पार्टी को और मजबूत किया जायेगा।

———बाईट———

इस बीच पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि भाजपा में कार्यकर्ताओं को काफी महत्व दिया जाता है।

———बाईट———

———————————————————————

आज सावन की दूसरी सोमवारी है। पूरा वातावरण शिव भजन और बोलबम के जयकारों से गुंजायमान है।

———म्यूजिक———

इस अवसर पर मुजफ्फरपुर के बाबा गरीब नाथ, सोनपुर के हरिहर नाथ, पूर्वी चंपारण के अरेराज मंदिर, पटना के बैकटपुर धाम, रोहतास के गुप्ताधाम, जहानाबाद के वाणावर, लखीसराय के अशोकधाम और मधेपुरा के सिंघेश्वर स्थान समेत प्रदेश के विभिन्न मंदिरों और शिवालयों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखी जा रही है। वहीं, कैमूर के माँ मुंडेश्वरी मंदिर, बक्सर के बाबा ब्रमेश्वरनाथ और सीतामढ़ी के हलेश्वर स्थान में भी भक्त जलाभिषेक कर रहे है। इधर, भागलपुर के सुल्तानगंज में बड़ी संख्या में कांवरिया उत्तरवाहिनी गंगा का जल उठाने के लिये पहुंच रहे हैं। ये कांवड़ियां एक सौ पांच किलोमीटर से अधिक की दूरी तय कर झारखंड के देवघर स्थित बाबा बैद्यनाथ का जलाभिषेक करेंगे।

———म्यूजिक———

————————————————————————————————

हमारे मुंगेर संवाददाता प्रशांत कुमार सिंह ने बताया कि जिले के कांवरिया पथ पर आस्था का सागर उमड़ रहा है। वहीं, शिवालय हर हर बम बम के नारों से गुंजायमान है। एक रिपोर्ट—

सावन की दूसरी सोमवारी पर विभिन्न शिवालयों में भक्तो की भीड़ उमड़ पड़ी। सुबह होते ही भक्त शिवालय पहुंचने लगे। शिवलिंग पर फूल — बेलपत्र चढ़ाये एवं जलाभिषेक सर्वमंगल की कामना की। शिवालय हर— हर महादेव के जयघोष से गूंजता रहा। वही टेटिया बंबरख्रखंड के बाबा ऊंचेश्वरनाथ मंदिर में भक्तों का तांता लगा रहा तो जमालपुर के महाकालेश्वर मंदिर में भक्तों ने जलाभिषेक किया। वही दूसरी और कच्ची काँवरिया पथ पर सुल्तानगंज के पवित्र गंगाजल को अर्पित करने लिए हजारो काँवरिया देवघर रवाना हुए। काँवरिया मार्ग बोल बम के नारों से गूंजता रहा। गेरुआ वस्त्र से लेस कांवरिया पुरे उत्साह व उमंग के साथ बोलबम महामंत्र का जाप करते बाब नगर और बढ़ते रहे।

————————————————————————————————

प्रदेश के अधिकतर भागों में मॉनसून की गतिविधियां कमजोर पड़ गई है। जिसके कारण प्रदेश के अधिकांश भागों में अल्प वर्षा की स्थिति बनी हुई है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान मधेपुरा, सहरसा, सुपौल समेत राज्य के उत्तर—पूर्व भागों में कुछ स्थानों पर बहुत हल्की वर्षा हुई है। सहरसा जिले के सत्तरकटैया में सबसे अधिक उन्नीस मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना के वैज्ञानिक ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि अगले तीन दिनों के दौरान राज्य के दक्षिण—मध्य, दक्षिण—पश्चिम और उत्तर—पश्चिम भागों मे अनेक स्थानों पर मेघगर्जन के साथ वज्रपात की आशंका है। इसे लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है।

———बाईट———

———————————————————————————

अररिया जिले के बथनाहा थाना क्षेत्र अंतर्गत नेपाल से सटे सीमा क्षेत्र में जाँच के दौरान एसएसबी और पुलिस की संयुक्त टीम ने तीन सौ तिरपन किलो गांजा के साथ दो तस्करो को गिरफ्तार किया है। वहीं, कैमूर जिले क सोनहन थाना क्षेत्र अंतर्गत सिकरा गांव से पुलिस ने भारी मात्रा में गांजा के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। ये जानकारी भभुआ के डीएसपी शिवशंकर कुमार ने दी।

———————————————————————————

अररिया जिले के महलगांव थाना क्षेत्र अंतर्गत कुर्सैल गांव में पुलिस ने छापेमारी कर जबरदस्ती शादी कराने की नियत से बंधक बनाए एक किशोर को सकुशल बरामद कर लिया।

———————————————————————————

सीतामढ़ी के जिलाधिकारी रिची पांडे ने आज बैंको के प्रतिनिधियों के साथ जिले में प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम और प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यम योजना की समीक्षा की। उन्होंने योजनाओं की धीमी प्रगति पर नाराजगी जताई।

———————————————————————————

वैशाली जिले में ट्रक और ऑटो के सीधी टक्कर में पाँच लोगों की मौत और चार लोग गंभीर रूप से घायल है। घायलों को इलाज सदर अस्पताल हाजीपुर में चल रहा है।

———————————————————————————

शेखपुरा जिला के सात खिलाड़ियों ने पटना में आयोजित प्रथम बिहार मॉडर्न पेंटाथलॉन चैंपियनशिप में मेडल जीता है।

———————————————————————————

01. सर्वोच्च न्यायालय ने बिहार में 65 प्रतिशत जाति आधारित आरक्षण रद्द करने के पटना उच्च न्यायालय के आदेश पर रोक लगाने से इंकार किया।

02. केन्द्रीय श्रम और रोजगार मंत्री डॉ मनसुख मांडविया ने कहा– देश में रोजगार की कमी नहीं। बेरोजगारी दर गिरकर तीन दशमलव दो प्रतिशत हुई।

03. सर्वोच्च न्यायायल ने राज्य में लगातार पुल–पुलियों के गिरने की घटना को लेकर बिहार सरकार को नोटिस जारी कर जवाब मांगा।

04. और, आज सावन की दूसरी सोमवारी है। पूरा वातावरण शिव भजन और बोलबम के जयकारों से गुंजायमान है।

———————————————————————————

समाप्त